भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधायी विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1190
जिसका उत्तर शुक्रवार, 9 फरवरी, 2024 को दिया जाना है

'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर प्रतिक्रिया

1190. श्री सत्यदेव पचौरी :
श्री राम कृपाल यादव :
श्री रविन्दर कुशवाहा :
श्री विनोद लखमशी चावड़ा :
डॉ. भारतीबेन डी. श्याल :
श्री शंकर लालवानी :
डॉ. उमेश जी. जाधव :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के संबंध में जारी अधिसूचना के प्रत्युत्तर में मंत्रालय को प्राप्त प्रतिक्रियाओं की कुल संख्या कितनी है :
(ख) क्या सरकार ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' अवधारणा के पक्ष में प्रतिक्रियाओं के प्रतिशत के बारे में कोई आंकड़ा तैयार किया है ;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और
(घ) संसद में रिपोर्ट पेश करने के लिए क्या समय-सीमा तय की गई है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार);
संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; और
संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क) : उच्च स्तरीय समिति ने जनसाधारण, पणधारियों और राजनैतिक दलों से 20000 से अधिक प्रतिक्रियाए प्राप्त की है ।

(ख) और (ग) : ऐसा कोई डाटा सरकार द्वारा तैयार नहीं किया गया है ।

(घ) : उच्च स्तरीय समिति द्वारा सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कोई नियत समय-सीमा अधिकथित नहीं की गई है ।

******